

1. Participation in RDC on 26th January, 2021



No. 355

CERTIFICATE

KARATE INDIA

INTER STATE GOJU-RYU KARATE CHAMPIONSHIP-2022

ORGANIZED BY : PUNJAB GOJU-RYU SPORTS KARATE ASSOCIATION
AFFILIATED TO : INDIAN GOJU-RYU SPORTS KARATE DO ASSOCIATION
APPROVED BY : KARATE INDIA ORGANISATION
AFFILIATED WITH : WORLD KARATE FEDERATION (WKF), ASIAN KARATE DO FEDERATION (AKF)
RECOGNIZED BY : INTERNATIONAL OLYMPIC COMMITTEE (IOC)
MEMBER OF : INTERNATIONAL WORLD GAMES ASSOCIATION (IWGA), COMMONWEALTH KARATE FEDERATION (CKF)

☐ MERIT
☒ PARTICIPATE
☐ HONOUR
☐ OFFICIAL

This is Certified that MANSI

Representing Club/School/Academy M.P.G.D. COLLEGE AMB

participation in event IND (KUMITE) Sub. Jr./Jr./Sr./ Boys/Girls/ Weight -60 kg

Age Group 17 yrs and secures First/Second/Third/Participant held on 17-18 Dec. 2022 at Radha Krishna Dham, Faridkoat, Punjab.

Tournament Technical Director
Shihan Naveen Rojade
Black Belt VIth DAN, KIO
Chief Representative &
Chief Tech. Director, IGSKA

Organising President
Sensei Rajender Singh
Black Belt IIIrd DAN
Chief Technical Director Punjab

Organising Secretary
Sensei Ashish Purohit
Black Belt IInd DAN
Gen. Sec. IPGSKA

2. First position of NCC Cadet in Inter-state Goju-Ryu Karate Championship-2022 at Faridkoat, Punjab



3. Disaster Management Camp, Pong Dam Kangra w.e.f. 01.01.2023 to 15.01.2023



4. CATC Camp




5. Participation in Ek-Bharat-Shrestha-Bharat camp, Tamil Nādu




6. HIM Trek Camp at Palampur w.e.f. 19.06.2023 to 26.06.2023

# अंब महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित

## कोविड-19 महामारी में प्रशासन की मदद के साथ लोगों को किया जागरूक



कोविड 19 महामारी में प्रशासन को सहयोग देने वाले एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करते अधिकारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब(ऊना)। कोविड-19 की रोकथाम में प्रशासन की मदद और लोगों को जागरूक करने में सहयोग करने वाले एनसीसी कैडेट्स को अंब कॉलेज में सम्मानित किया गया। इस मौके पर 6 एचपी (1) सीओवाई एनसीसी ऊना के कमान अधिकारी कर्नल साकेत दियो ने एनसीसी कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान करके सम्मानित किया। कर्नल साकेत दियो ने एनसीसी कैडेट्स को प्रोत्साहित किया और एनसीसी का महत्व बताया। उन्होंने कैडेट्स के अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि उन्होंने इस महामारी के दौरान कैडेट्स को इस कार्य के स्वीकृति प्रदान की। कैडेट्स ने लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर प्रो. दर्शन धीमान, कॉलेज एनसीसी केयर टेकर, डॉ. सुनील रियात, चीफ ऑफिसर अश्विनी कुमार, सीमा, ऑफिसर हरीश लठ्ठ, सीनियर जेसीओ यादवेंद्र आदि मौजूद थे।

7. Participation in COVID-19 Task Force

**18. Blood Donation Campaign**

The NCC cadets demonstrated their unwavering commitment to community service by organizing a blood donation camp on the 27th of November, coinciding with NCC-Day. Collaborating with Una Hospital's Blood Bank, the event was a testament to their dedication to contributing to the noble cause of saving lives through voluntary blood donation. The camp kicked off with an inaugural ceremony at 10 am, where PI Staff shared insightful thoughts on the significance of voluntary blood donation. NCC cadets played a pivotal role in the seamless organization of the event, overseeing registrations and ensuring the accuracy of the donor list. Their active involvement and coordination contributed significantly to the success of the initiative.







The response from the community was remarkable, with a total of 56 units of blood being donated by the end of the day. This generous contribution holds immense importance in saving lives without the need for blood replacement. The success of the blood donation camp can be attributed to the bravery, meticulous planning, and dedication exhibited by the NCC

# अम्ब कालेज में लगाए कैम्प में 30 यूनिट रक्त किया एकत्रित

अम्ब, 13 नवम्बर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में गठित एन.एस.एस. इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को एच.डी.एफ.सी. बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इससे पहले आयोजित कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया और रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एच.डी.एफ.सी. बैंक की तरफ से आए हुए अधिकारी अरुण अग्निहोत्री व संजीव कुमार को प्राचार्य ने स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने कालेज परिसर में डा. नितिन



शर्मा की देखरेख में विभिन्न प्रकार के गुलाब के पौधे लगाए। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश चंद, एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, प्रो. प्रीति व एन.सी.सी. अधिकारी प्रो. शिल्पा कोचर सहित स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

8. Blood Donation Camps




# एन.सी.सी. कैडेट्स ने किया पौधारोपण

अम्ब, 3 अगस्त (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल कलरूही में एक दिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा 50 पौधों को स्कूल के विभिन्न स्थानों तथा नजदीकी क्षेत्रों में लगाया गया। पौधारोपण के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। एन.सी.सी. कैडेट्स के द्वारा स्कूल में तथा कलरूही गांव में रैली का भी आयोजन किया गया। रैली में कैडेट्स ने स्थानीय लोगों को पेड़ लगाने तथा वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए नारे लगाकर प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा, प्रो. दर्शन धीमान, एन.सी.सी. केयरटेकर ऑफिसर प्रोफैसर अनिल वर्मा भी उपस्थित रहे। प्रो. वर्मा ने यह भी बताया कि महाविद्यालय तथा एन.सी.सी. की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की ओर से लगभग 500 पौधों को रोपा जाएगा।

गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल कलरूही के प्राचार्य सजिंद्र पाल धीमान ने भी अपने विद्यालय के अन्य अध्यापकों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्राचार्य सजिंद्र पाल धीमान ने महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा तथा कालेज से उपस्थित अन्य स्टाफ और विशेष तौर पर एन.सी.सी. कैडेट्स का पौधारोपण मुहिम के लिए धन्यवाद किया।



*अम्ब : कलरूही स्कूल में एक दिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कालेज के एन.सी.सी. कैडेट्स, स्कूल के विद्यार्थी महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य के साथ सामूहिक चित्र में।* (अश्विनी)

## धंधड़ी में लोगों को बांटे 700 फलदार पौधे

बढ़ेड़ा (अनिल): उपमंडल अम्ब के तहत ग्राम पंचायत धंधड़ी में उद्यान विभाग द्वारा नमसा (नैशनल मिशन फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) योजना के अंतर्गत 700 फलदार पौधे उपलब्ध कराए गए। इसके तहत 198 किसानों को पौधे रोपण के लिए वितरित किए गए। ग्राम पंचायत धंधड़ी की प्रधान डा. प्रियदर्शिनी ने बताया कि उद्यान विभाग के अधिकारी/कर्मचारी समय-समय पर पंचायत में जागरूकता शिविर लगाकर किसानों को विभाग की योजनाओं की जानकारी देते रहते हैं। वहीं पर्यावरण के उत्थान हेतु पौधारोपण अभियान आवश्यक है। उद्यान विभाग द्वारा पंचायत धंधड़ी में 200 नींबू, 200 आम, 100 संतरा, 100 अमरूद व 100 पौधे किन्नू का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान धंधड़ी डा. प्रियदर्शिनी एवं उद्यान विभाग से आए अधिकारियों द्वारा लोगों से अपील की गई कि खाली भूमि पर पौधारोपण का कार्य जरूर करें।

9. Plantation Drives

# एड्स के खिलाफ किया जागरूक



राजकीय महाविद्यालय अम्ब में जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ • जागरण

अम्ब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में मंगलवार को एड्स एवं दवाओं के दुरुपयोग पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या अलका शर्मा ने की। इस मौके पर एनएसएस के स्वयंसेवियों ने नशे पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके साथ ही स्वयंसेवियों ने भूमंडलीय उष्मीकरण पर एक नुक्कड़ नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, इसमें इन्होंने नशे के दुरूपयोग, ग्लोबल वार्मिंग तथा ई वेस्टिंग पर जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य समेत स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। संस




# नशे के खिलाफ अम्ब मे निकाली जागरूकता

दो सितंबर को होने वाले जनमंच कार्यक्रम के बारे में जागरूक किए लोग



# अम्ब कालेज में निकाली स्वच्छता रैली

अम्ब, 6 अगस्त (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 1 से 15 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष पखवाड़े के तहत छात्रों ने सोमवार को क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया के विषय पर बाजार में जागरूकता रैली निकाली जबकि गत 3 अगस्त को छात्रों ने कालेज प्रांगण की सफाई की थी और कालेज प्रांगण को प्लास्टिक मुक्त किया था। इस मौके पर कार्यकारी प्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान, डा. सुनील दत्त शर्मा, प्रो. सोफिया प्रभाकर, एन.एस.एस. प्रभारी डा. सुरुचि शर्मा व प्रो. श्याम कालिया सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जल संरक्षण पर निकाली जागरूकता रैली



जल संरक्षण पर जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। -संवाद

अंब (ऊना)। राजकीय महाविद्यालय अंब में एनसीसी कैडेट्स ने वर्षा जल संचयन तथा जल संरक्षण पर जागरूकता रैली निकाली। जल संरक्षण को लेकर शिविर का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय में उपस्थित जल स्रोतों की साफ सफाई की। कॉलेज एनसीसी केयरटेकर प्रो.अनिल शर्मा ने जल संचयन के महत्व पर प्रकाश डाला और इसके विभिन्न तरीकों बारे विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार ने भी जल संचयन पर अपने विचार रखे। उन्होंने विद्यार्थियों इस विषय पर समाज को जागरूक करने में अपना सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। जिससे जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। इस मौके पर प्रो. दर्शन भी मौजूद रहे। संवाद

10. Awareness Rallies



**एन.सी.सी. कैडेट्स ने अस्पताल परिसर में की सफाई**

अम्ब ( अश्विनी ): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा पर्यावरण प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। एन.सी.सी. के केयरटेकर प्रो. अनिल वर्मा की देखरेख में आयोजित जागरूकता रैली के दौरान कैडेट्स ने सिविल अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की। इस अवसर पर कैडेट्स ने लोगों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। इस मौके पर बी.एम.ओ. डा. राजीव गर्ग तथा सिविल अस्पताल के एस.एम.ओ. डा. राहुल कतना उपस्थित थे।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 17-12-2021




## 7. Cleanliness Drive

The NCC cadets orchestrated an exemplary cleanliness drive within the premises of Maharana Pratap Government Degree College Amb on 14th September, 2022. During this initiative, the cadets diligently undertook the task of cleaning not only the college campus but also the surrounding areas, exhibiting a commendable commitment to maintaining a hygienic environment.

As part of their community outreach, the NCC cadets proactively engaged with fellow students, emphasizing the significance of cleanliness in our daily lives. They conveyed the critical message that a clean environment is essential for overall well-being, as unclean surroundings can potentially harbor diseases that pose significant health risks. By enlightening their peers on the importance of cleanliness, the cadets sought to cultivate a collective responsibility for maintaining a sanitary and healthy atmosphere. Further











11. Cleanliness Drives



12. NCC CEE Certificates



## एनसीसी कैडेट्स को बांटे बी सर्टिफिकेट

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या अलका शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने एनसीसी के कैडेट्स को बी सर्टिफिकेट प्रदान किए। विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का अहम महत्त्व है। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। इस दौरान ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉट पुट, चक्का फेंक, जेवलियन थ्रो सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या ने विजेता, उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। उधर, डा. सुनील दत्त शर्मा ने बताया कि इस दौरान आयोजित लंबी कूद पुरुष वर्ग में साहिल, आदर्श, नन्हे वर्मा, महिला वर्ग में काजल, रमा देवी, अंजलि देवी ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा महिला वर्ग की ऊंची कूद में अंजलि शर्मा, रमा देवी, वंदना कुमारी, पुरुष वर्ग में निखिल, नन्हे वर्मा, साहिल, महिला शॉट पुट में हर्ष भाटिया, रमा देवी, वंदना कुमारी, पुरुष वर्ग में प्रवीण कुमार, विश्वजीत, जसविंद्र सिंह, डिस्कस थ्रो महिला वर्ग में वंदना, हर्ष भाटिया, रमा देवी, पुरुष वर्ग में रिंकू, अभय शर्मा, जसविंद्र, जेवलियन थ्रो महिला वर्ग में वंदना, रमा देवी, अंजलि शर्मा, पुरुष वर्ग में विशाल कुमार, प्रवीण कुमार, काजल नेहा ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा स्थान हासिल किया।

13. NCC BEE Certificates



# एन.सी.सी. कैंप में अम्ब कालेज के कैडेट्स अव्वल

अम्ब, 14 अक्तूबर (अश्विनी): इंडस इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी बाथू में 6 से 12 अक्तूबर तक आयोजित एन.सी.सी. के 7 दिवसीय शिविर में राजकीय महाविद्यालय अम्ब के कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान हासिल किया है। शिविर के दौरान कालेज के मंदीप नरयाल ने ड्रिल में दूसरा तथा फायरिंग में अनुपमा ने दूसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह से क्रास कंट्री (लड़कियां) में मनु चाला ने प्रथम, लड़कों में केशव ठाकुर ने दूसरा स्थान हासिल कर कालेज का नाम रोशन किया है।

शिवदत्त ने आर.पी. (रैजीमैंटल पुलिस) में उत्कृष्ट स्थान अर्जित किया है। प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने विजेता रहे प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 15-10-2021

14. 1st Position in Seven Day Camp at Indus International University, Bathu w.e.f. 6.12.2021 to 12.10.2021







# विद्यार्थियों को आपदा से बचाव बारे दी जानकारी

अम्ब, 22 सितम्बर (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में आपदा प्रबंधन के संदर्भ में 14वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल नालागढ़ द्वारा विद्यार्थियों को आपदा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों व बचाव के उपायों बारे जानकारी डैमोस्ट्रेशन के माध्यम से दी गई। यह सारी गतिविधियां जिला आपदा प्रबंधन की प्रभारी सुमन चाहल की निगरानी में की गई। इस दल की अगुवाई इंस्पैक्टर अवधेश कुमार ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. रजनीश, एन.सी.सी. के प्रभारी प्रो. अनिल, रोवर्स एवं रेंजर्स के प्रभारी प्रो. सुरेता, प्रो. राजेश, प्रो. राजेश, डा. सोफिया प्रभाकर, प्रो. रेखा शर्मा सहित समस्त प्राध्यापक एवं गैर प्राध्यापक उपस्थित रहे।

*अम्ब : स्थानीय कालेज में जिला आपदा प्रबंधन की टीम कालेज स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ सामूहिक चित्र में।* (अश्विनी)

15. Hand on training cum workshop on Disaster Management by NDRF